हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 22 फरवरी 2025

## नागपुर रेलवे स्टेशन पर गिरी दीवार, बड़ा हादसा टला



**नागपुर.**

नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के इटारसी छोर पर स्थित गार्ड लॉबी के पास शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। रेलवे मेल सर्विस (आरएमएस) की इमारत से सटी पुराने रिजर्वेशन हॉल की एक दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ।

**रिडेवलपमेंट के बीच पहली अप्रिय घटना**

स्टेशन पर रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत पुरानी इमारतों को ढहाने का काम तेजी से जारी है। इसी क्रम में पुराने रिजर्वेशन हॉल का 90% हिस्सा पहले ही तोड़ा जा चुका था, और ढही हुई दीवार इसी इमारत का पिछला हिस्सा थी। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से टीन की ऊंची फेंसिंग पहले ही लगा दी थी, जो दीवार के गिरने की गंभीरता को कुछ हद तक कम करने में सफल रही।

**तेज आवाज से मचा हड़कंप**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दीवार गिरते ही जोरदार आवाज सुनाई दी, जिससे गार्ड लॉबी, आरएमएस और आसपास मौजूद रेलवे कर्मियों में हड़कंप मच गया। इसी रास्ते का उपयोग आरएमएस के कर्मचारी डाक लाने और ले जाने के लिए करते हैं। वहीं, गार्ड लॉबी से सटी एक छोटी कैंटीन भी मौजूद है, जहां अक्सर रेलवे कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी चाय पीने के लिए आते हैं। सौभाग्यवश, घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।

**प्रशासन ने ली राहत की सांस**

दीवार गिरने के तुरंत बाद रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। रेलवे अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और राहत की सांस ली कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस घटना ने स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा अब अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लागू करने की संभावना जताई जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# चुनाव जीतने के बाद हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी : उपमुख्यमंत्री शिंदे

## बालासाहेब के विचारों को त्यागने वालों को जनता ने सिखाया सबक

**नागपुर.**



विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद शिवसेना राज्य भर में आभार यात्रा निकाल रही है। इसी के तहत आज शुक्रवार को गोंदिया और कन्हान में आभार सभा का आयोजन किया गया है। सभा में शामिल होने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपराजधानी नागपुर पहुंचे। जहां उन्होंने अपने आधिकारिक निवास देवगिरि पर पत्रकारों से बात की। अपने शिंदे ने कहा कि, "चुनाव में जितने के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। इसी संबंध में मैं विदर्भ के लोगों का आभार व्यक्त करने आया हूं।" इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने अपने विरोधियों को भी आड़े हाथ लिया।

अपने विदर्भ दौरे को लेकर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, "आज मैं विदर्भ के दौरे पर आया हूँ। दौरे के दौरान कन्हान और देवरी में दो सभाएं आयोजित की गई हैं। चुनाव प्रचार के दौरान मैंने कहा था कि मैं चुनाव जीतने के बाद आऊंगा और आज की यह यात्रा उसी के अनुरूप है। जीत के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। इसी संबंध में मैं विदर्भ के लोगों का आभार व्यक्त करने आया हूं।" शिंदे की इन सभाओं में बड़ी संख्या में नेताओं के शामिल होने की चर्चा पर है। इस पर बोलते हुए शिंदे ने कहा, "कुछ लोग तो सदमे में आ गए हैं। लोगों ने ऐसे लोगों को धक्का देकर बाहर निकाल दिया है। बालासाहेब के विचारों को त्याग दिया गया है। अच्छे लोगों के खिलाफ ये लोग कार्रवाई कर पार्टी से बाहर निकाल रहे हैं। हम उन नेताओं के खिलाफ आवाज उठाना बंद नहीं करेंगे जो अच्छे लोगों को पार्टी से बाहर धकेलते हैं। इसीलिए शिवसैनिक हमारे साथ आ रहे हैं, भरोसा दिखा रहे हैं। लोग ऐसे शेयर खरीदते हैं जिनकी स्टॉक मार्केट में साख होती है। हमारी शिवसेना ऐसी ही है।"

### पूर्व जिला अध्यक्ष राजू हरणे समर्थको के साथ शिवसेना में हुए शामिल

उद्धव बालासाहेब ठाकरे को उपराजधानी नागपुर में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष राजू हरणे ने मशाल को छोड़ते हुए धनुष्यबाण थाम लिया है। रामटेक में आयोजित आभार सभा में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हरणे को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में समर्थक भी शिवसेना में शामिल हुए। इस दौरान बोलते हुए शिंदे ने ठाकरे और विरोधियों पर जोरदार हमला बोला।

विधानसभा चुनाव के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आगामी मनपा, जिला परिषद सहित स्थानीय निकाय चुनाव के पहले शिवसेना को मजबूत करने में लगे हुए हैं। इसी के तहत राज्य में कथित तौर पर ऑपरेशन टाइगर चलाया जा रहा है, जहां अन्य दलों के नेताओं को शिवसेना में शामिल किया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को शिंदे नागपुर पहुंचे। जहां रामटेक में आयोजित आभार सभा में शामिल हुए। सभा के दौरान उद्धव ठाकरे गुट के पूर्व जिला अध्यक्ष राजू हरने सपने समर्थको के साथ शिवसेना में शामिल हो गए। सम्मेलन के दौरान शिंदे ने उद्धव ठाकरे और विरोधियों पर जोरदार हमला बोला।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

वाठोडा थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 20 फरवरी 2025 को दोपहर करीब 2:30 बजे जबलपुर हाईवे, आउटर रिंग रोड के पास तरोडी में हुई। मृतक युवक चंद्रपाल पुनारामजी घुले (23), पात्री, जिला बालाघाट निवासी अपने मित्र के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक (एमएच 31 एफव्ही 2251) से जा रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

इस हादसे में चंद्रपाल और उसका मित्र सड़क पर गिर गए, जिससे चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस संबंध में मृतक के भाई खिलेन्द्र पुनारामजी घुले (35) की शिकायत पर वाठोडा पुलिस थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भादंवि की मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक साळुंखे मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## उद्घाटन के अगले दिन ही पुल ढह गया

**नागपुर**

केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के विभाग ने पूर्वी नागपुर में बनाया गया फ्लाईओवर उद्घाटन के दूसरे दिन ही ढह जाने से हड़कंप मच गया है. इस पुल का प्लास्टर और सीमेंट कंक्रीट का एक टुकड़ा एक कार पर गिर गया, सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ. पिछले कई सालों से रुका पारडी फ्लाईओवर कल गुरुवार को यातायात के लिए खोल दिया गया। पूर्वी नागपुर के विधायक कृष्णा खोपड़े ने इस फ्लाईओवर का उद्घाटन किया. आज सुबह इस पुल का प्लास्टर उखड़ गया. कामठी मार्ग पर एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा कुछ दिन पहले ढह गया था। शहर में जगह-जगह फ्लाईओवर का काम चल रहा है। लेकिन, आम जनता इन पर घटिया गुणवत्ता का आरोप लगा रही है. इस क्षेत्र के नागरिकों ने इस पुल के स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की है.

## गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नागपुर.** पारडी पुलिस ने गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह छापेमारी कापसी क्षेत्र के उमिया वसाहत, महालक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे स्थित गूगल पानठेले के पास की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक गांजा तस्करी के लिए आने वाला है, जिसके बाद एक विशेष टीम ने जाल बिछाकर रेड मारी। आरोपी हरप्रीत सिंह बलविंदर सिंह गिल (25) नागेश्वर नगर/ए, पारडी निवासी की तलाशी लेने पर उसके पास से 202 ग्राम गांजा, एक मोबाइल फोन और 600 रुपये नकद सहित करीब 19,600 रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया है।

## छत्रपति शिवराय दुनिया के सबसे चरित्रवान राजा : कपिल ढोके

**नागपुर.**

दुनिया के सबसे चरित्रवान राजा शिवाजी महाराज की जयंती पूरे विश्व में मनाई जाती है। जितना उनका इतिहास ढाल और तलवार का है, उतना ही उनका इतिहास मानव कल्याण का भी है। यह विचार मुख्य वक्ता के रूप में कपिल ढोके ने शिव जयंती के अवसर पर व्यक्त किए। यह कार्यक्रम मराठा सेवा संघ, संभाजी ब्रिगेड और जिजाऊ ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में त्रिमूर्ति नगर, सुर्वे नगर, बळीराजा संशोधन केंद्र के मराठा सेवा संघ लान में आयोजित किया गया था।

अध्यक्षीय भाषण में शिवश्री भैयाजी देशमुख ने मराठा सेवा संघ की स्थापना के पीछे की भूमिका और उपलब्धियों के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ कानूनी विशेषज्ञ एडवोकेट फ़िरदौस मिर्ज़ा, शिवश्री सुरेश बागले, निदेशक सारथी, शिवश्री विजय ठाकरे, सह-निदेशक, फोरेंसिक प्रयोगशाला मुंबई, प्रियदर्शिनी राउत, सहायक निदेशक, आकाशवाणी, शिवमती रोहिणी कुंभार, शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, बेनज़ीर ख़ान, महिला विभाग, जमाअत ए इस्लामी हिंद, प्रशांत मोहोड़ (मराठा सेवा संघ अध्यक्ष), प्रताप पाटले (जिला अध्यक्ष संभाजी ब्रिगेड), स्वाति शेंडे (जिला अध्यक्ष जिजाऊ ब्रिगेड) मंच पर उपस्थित थे। वरिष्ठ एडवोकेट फ़िरदोस मिर्ज़ा ने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने स्वराज्य में कई धाराओं को संविधान में लागू किया था।

# रणजी ट्रॉफी : मुंबई को हराकर विदर्भ फाइनल में





## सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई को 80 रनों से हराया, 26 फ़रवरी को केरल से होगा फ़ाइनल मैच

**बीपेन्द्र कुमार सिंह**

**नागपुर.** क्रिकेट में एक कहावत है कि किसी भी टीम को उसी के घरेलू मैदान पर हराना काफी मुश्किल होता है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में। विदर्भ ने सूरमाओं से भरी मुंबई टीम को 80 रनों से हराते हुए न केवल रणजी ट्रॉफी-2024-25 के फाइनल में एंट्री मार ली है, बल्कि रणजी ट्रॉफी-2023-24 के खिताबी मुकाबले में मिली हार का भी बदला ले लिया है। तब अजिंक्य रहाणे की टीम ने विदर्भ को हराकर 42वीं बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।

नागपुर के ऐतिहासिक वीसीए स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल की पहली पारी में विदर्भ ने पहले बैटिंग करते हुए सभी विकेट खोकर 383 रन बनाए। इसमें दानिश मालेवार के सबसे अधिक 79 रन और ध्रुव शोरे के 74 रन शामिल थे। इस पारी में मुंबई के लिए शिवम दुबे ने सबसे अधिक 5 विकेट झटके। जवाब में आकाश आनंद के शानदार 106 रनों के बावजूद मुंबई की टीम 270 रनों पर ढेर हो गई। पार्थ ने सबसे अधिक 4 विकेट झटकते हुए विदर्भ को बढ़त दिला दी।

इसके बाद विदर्भ की दूसरी पारी 292 रनों तक पहुंची। प्लेयर ऑफ द मैच यश राठौड़ ने सबसे अधिक 151 रन की पारी खेली तो अक्षर वाडेकर ने 52 रन बनाए। इस पारी में मुंबई के लिए शम्स मुलानी ने 6 विकेट झटके, जबकि तनुष ने 3 विकेट अपने नाम किए।

भारी भरकम स्कोर के आगे मुंबई की शुरुआत खराब रही, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाजों के दम पर वह 300 का आंकड़ा पार करने में सफल रही। शार्दुल ठाकुर ने 66 रन, शम्स मुलानी ने 46 रन, तनुष कोटियान ने 26 रन, मोहित अवस्थी ने 34 रन और डियास ने नाबाद 23 रन बनाए, लेकिन मुंबई को जीत नहीं दिला सके। टीम 325 रनों पर ढेर हो गई। इस तरह विदर्भ का फाइनल में मुकाबला केरल के साथ होगा। विदर्भ ने मुंबई को 80 रनों से हराकर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस तरह विदर्भ ने पिछले साल के फाइनल में मुंबई से मिली हार का बदला ले लिया और अब वह 26 फरवरी से 2 मार्च 2025 तक नागपुर में वीसीए के जामठा स्टेडियम में खेला जाएगा

अंतिम दिन का खेल रोमांचक रहा और मुंबई ने शुरुआती सत्र में अपने शीर्ष छह बल्लेबाजों के आउट होने के बावजूद मैच को अंतिम सत्र तक खींचा।

मुंबई को जीत के लिए 383 रनों की जरूरत थी, लेकिन उसने 83/3 से खेलना शुरू किया, लेकिन यश ठाकुर के आउट होने से शिवम दुबे का विकेट गिर गया। सूर्य कुमार यादव आए और उन्होंने चार चौके लगाए, इससे पहले कि हर्ष दुबे ने उन्हें अथर्व ताइडे के हाथों 23 रन पर कैच कराया। और जब दुबे ने आकाश आनंद की रक्षापंक्ति को भी भेद दिया, तो मुंबई का स्कोर 124/6 हो गया।

हालांकि, मेहमान टीम ने शम्स मुलानी (46) और शार्दुल ठाकुर (66) के बीच सातवें विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी के जरिए बहादुरी से वापसी की। दानिश मालेवार द्वारा बनाए गए शानदार पिक-अप और डायरेक्ट हिट ने मुलानी को वापस भेज दिया, लेकिन तनुश कोटियन (26), मोहित अवस्थी (34) और रॉयस्टन डायस (23*) ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाते हुए अपरिहार्य को टाल दिया।

अंत तब हुआ जब दुबे ने अवस्थी को थोड़ी नीची गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया दुबे ने एक बार फिर पांच विकेट लिए --- इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में उनका सातवां विकेट था जिससे उनके कुल विकेटों की संख्या 66 हो गई। यश राठौड़ ने दो पारियों में 54 और 151 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें वीसीए के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनय एम. देशपांडे (बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) से पदक मिला।

### संक्षिप्त स्कोरः सेमीफ़ाइनल

- फ़रवरी 17-21, 2025, व 107.5 ओवर में 383 (ध्रुव शौरी 74, दानिश मालेवार 79, करुण नायर 45, पार्थ रेखाडे 23, यश राठौड़ 54, अक्षय वाडकर 34; शम्स मुलानी 2/62, शिवम दुबे 5/49, रॉयस्टन डायस 2/48)
- मुंबई की पहली पारी 270 रन (आकाश आनंद 106, सिद्धेश लाड 35, शार्दुल ठाकुर 37, तनुष कोटियन 33; पार्थ रेखाडे 4/55, यश ठाकुर 2/73, हर्ष दुबे 2/68)
- विदर्भ की दूसरी पारी 292 (यश राठौड़ 151, अक्षय वाडकर 52; शम्स मुलानी 6/85, तनुश कोटियन 3/81)
- मुंबई की दूसरी पारी में 325 रन (आकाश आनंद 39, शम्स मुलानी 46, शार्दुल ठाकुर 66, तनुष कोटियन 26, मोहित अवस्थी 34, रॉयस्टन डायस, 23 नंबर; हर्ष दुबे 5/127, यश ठाकुर 2/43, पार्थ रेखाडे 2/70)
- परिणामः विदर्भ 80 रन से जीता
- मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः यश राठौड़

## कोराडी मंदिर परिसर में अज्ञात भिखारी की संदिग्ध मौत

**नागपुर.** कोराडी पुलिस थाना क्षेत्र के कोराडी देवी मंदिर परिसर में एक 55 से 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पाया गया। सूत्रों के अनुसार, शाम करीब 7 बजे मंदिर परिसर में स्थित दुकानों के सामने टीन शेड के नीचे एक वृद्ध व्यक्ति बेसुध पड़ा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल उसे मेयो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मृतक भिक्षावृत्ति कर अपना जीवनयापन कर रहा था। उसकी पहचान सलीम नाम से हुई, लेकिन उसका पूरा नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका।

## संचार सार्थी पोर्टलः साइबर अपराध से बचाव के लिए नागरिकों से अपील

**नागपुर.**

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए संचार सार्थी पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को साइबर अपराध से बचाने के लिए कई सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। नागपुर शहर पुलिस आयुक्त ने नागरिकों से इस पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है।

इस पोर्टल में चक्षु पोर्टल, खोए हुए मोबाइल की शिकायत, अपने नाम पर रजिस्टर मोबाइल नंबरों की जानकारी, अंतरराष्ट्रीय कॉल ब्लॉक करने की सुविधा, मोबाइल हैंडसेट की वास्तविक जानकारी और वायरलाइन इंटरनेट सेवाओं की जानकारी जैसी छह महत्वपूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

चक्षु पोर्टल से तुरंत करें साइबर अपराध की शिकायत

चक्षु पोर्टल के माध्यम से नागरिक 30 दिनों के भीतर साइबर अपराध, आर्थिक धोखाधड़ी, ठगी या फर्जी कॉल की शिकायत कर सकते हैं। यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति से बैंक खाते, पेमेंट वॉलेट, सिम कार्ड, गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, केवाईसी अपडेट, सरकारी अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने या फिर सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों से संबंधित कॉल आए, तो नागरिक इस पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। इतना ही नहीं, चक्षु पोर्टल नागरिकों को पिछले तीन दिनों में मिले संदिग्ध कॉल या एसएमएस की शिकायत दर्ज करने और ऐसे मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करने की सुविधा भी देता है।

नागपुर सायबर पुलिस को प्राप्त शिकायतों के आधार पर चक्षु पोर्टल के माध्यम से अब तक 5030 साइबर अपराधियों के मोबाइल नंबर ब्लॉक किए जा चुके हैं।

नागपुर साइबर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार का संदिग्ध फोन कॉल या व्हॉट्सऐप कॉल प्राप्त होता है, तो डरें नहीं। तुरंत https://sancharsaathi.gov.in लिंक पर जाकर चक्षु पोर्टल का उपयोग करें या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराएँ।



# वाटर एटीएम बंद, नागरिकों का आक्रोश, विरोध प्रदर्शन

### > पूर्व सरपंच के नेतृत्व में निकाला मोर्चा, एटीएम जल्द शुरू करने की मांग

**वाडी.**

गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी की समस्या बढ़ने लगी है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। दवलामेटी ग्रामपंचायत अंतर्गत म्हाडा कॉलोनी समेत कुल सात वाटर एटीएम बीते छह महीनों से बंद पड़े हैं, जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

शुक्रवार सुबह 11 बजे, पूर्व सरपंच रीता उमरेडकर के नेतृत्व में नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन कर वाटर एटीएम के ताले खोलने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक एकत्र हुए और वर्तमान सरपंच गजानन रामेकर और ग्राम पंचायत सचिव शिवाजी नागरगोजे पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वाटर एटीएम को निजी हाथों में सौंपने की साजिश की जा रही है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांववासियों ने चेतावनी दी कि यदि वाटर एटीएम जल्द शुरू नहीं किए गए, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में पूर्व सरपंच रीता उमरेडकर, ज्योत्सना बेले, सुषमा भालाधरे, मनीषा सूर्यवंशी, कल्पना सोनटक्के, मंजूषा मेश्राम, माया नितनवरे समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नारेबाजी कर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया।



#### ग्राम पंचायत का पक्ष

ग्राम पंचायत सचिव शिवाजी नागरगोजे ने बताया कि पंचायत खुद वाटर एटीएम को संचालित करने में सक्षम नहीं है, इसलिए इसे एक साल के लिए निजी ठेकेदार को सौंपा जाएगा। हालांकि, नागरिकों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया और जल्द से जल्द एटीएम शुरू करने की मांग की।

# नवीन बीना बौद्ध विहार में हर्षोल्लास से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**खापरखेड़ा.**



नवीन बीना बौद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली एवं संघमित्रा महिला मंडल, नवीन बीना, भानेगांव के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ नागरिक कमलाबाई गोंडाने द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण, बुद्ध वंदना और महाराष्ट्र राज्य गीत के साथ हुई। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा नवीन बीना के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्य स्वराज्य की अवधारणा पर आधारित था, जहां महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और लोकतांत्रिक, प्रजाहितैषी नीतियों को प्राथमिकता दी जाती थी।

इस कार्यक्रम में मीना ढोके ने अपने गीतों के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के उपाध्यक्ष अनिल लांजेवार, सचिव मुकेश बागड़े, कोषाध्यक्ष रविंद्र ढोके, ऑडिटर नरेश डोंगरे, मिलिंद गौरकर, आनंद वासनिक, पृथ्वीराज गोलाईत, मंगेश सोनटक्के, सोनू गणवीर और सलाहकार समिति के सदस्य लक्ष्मण लांजेवार, तुलशीराम बागड़े, मनोहर गजभिये, कृष्णाजी वासनिक, ओमप्रकाश गौरकर, किशोर चव्हाण, अरुण नारनवरे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से कांता बागड़े, कुसुम गौरकर, बेबी वासनिक, मीना मेश्राम, मालवी नारनवरे, वंदना गणवीर, लता खोबरागड़े, कल्पना वासनिक, प्रिया डोंगरे, मनीषा ढोके, अद्विक बागड़े, सजिता तागड़े आदि महिलाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रीति गोलाईत ने रखी, जबकि सारिका तागड़े ने संचालन किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन विशाखा ढोके ने किया।

इस आयोजन में क्षेत्र के नागरिकों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# गजानन महाराज की पालकी का जगह-जगह स्वागत

### 147वें प्रकट दिवस पर शहर में भव्य आयोजन

**सावनेर.**

संत गजानन महाराज के 147वें प्रकट दिवस को शहर में भारी उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के सभी गजानन महाराज मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव से लीन रहे।

शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित संत गजानन महाराज मंदिर में 13 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक "संत गजानन महाराज प्रकट दिवस सप्ताह" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री गजानन महाराज का अभिषेक, भजन, पूजन, आरती, सत्संग सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए। 20 फरवरी को संत गजानन महाराज की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों कलशधारी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। क्षेत्र के कई भजन मंडलों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पालकी यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांधी पुतला, गडकरी चौक, बाजार चौक, होली चौक, बस स्टैंड आदि स्थानों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पालकी मार्ग में श्रद्धालुओं ने सुंदर रंगोलियां सजाईं और जगह-जगह पालकी की विधिवत पूजा-अर्चना की।



इसके उपरांत शाम 5 बजे से मंदिर समिति की ओर से भव्य महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सफल आयोजन में डॉ. विजय धोटे, सचिव विनोद राऊत, दीपक कटारे, पूर्व नगरसेवक तेजसिंह सावजी, प्रफुल मोवाड़े, राजेंद्र कुथे, अमरीश मिश्रा, पिंटू कालबांडे, बबलू आवटे, पप्पू पोपली, सूरज जपुलकर, अभय गुड़धे सहित अन्य गणमान्य लोगों एवं महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।

# शिव जयंती महोत्सव के अवसर पर कोंढाली में हुआ भव्य आयोजन

### > शिवकालीन सिक्का प्रदर्शनी, प्रेरणादायी व्याख्यान और समाजसेवियों का सम्मान समारोह संपन्न

**कोंढाली.**

छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर कोंढाली के बाजार चौक में एक भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिवकालीन सिक्का प्रदर्शनी, प्रबोधनात्मक शैक्षणिक कार्यक्रम और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में योगदान देने वाले समाजसेवियों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस आयोजन का सफल संचालन बुद्धभूषण छत्रपति संभाजी महाराज युवा क्लब, कोंढाली द्वारा किया गया।

इस विशेष प्रदर्शनी में छत्रपति शिवाजी महाराज के काल के ऐतिहासिक सिक्के, मोड़ी लिपि में लिखित दस्तावेज और उस समय की आर्थिक व्यवस्था को दर्शाने वाली दुर्लभ जानकारी प्रस्तुत की गई। हर्षल वानखड़े, जो लखोटिया भूतड़ा विद्यालय और कनिष्ठ महाविद्यालय, कोंढाली के वरिष्ठ कला शिक्षक हैं, इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने का कार्य लंबे समय से कर रहे हैं। सैकड़ों नागरिकों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर इतिहास से जुड़ी अनमोल जानकारी प्राप्त की। इस शुभ अवसर पर प्रसिद्ध सामाजिक विचारक और प्रबुद्ध व्यक्तित्व ह. भ. प. अधिवक्ता माईसाहेब महाराज पाटिल ने शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि यदि बहादुरी चरित्र से जुड़ी न हो तो वह निरर्थक होती है। उन्होंने शिवाजी महाराज की युद्ध रणनीति, समतावादी राजनीति और आधुनिक समाज के लिए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा क्षेत्र: कोंढाली ला.भू. विद्यालय की छात्रा नाजिया फिरोज शेख को कक्षा 12वीं में 98% अंक प्राप्त कर नागपुर ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम आने पर सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण: मीनाताई सतीश व्हराडपांडे को महाराष्ट्र सरकार के उन्नति बहुउद्देशीय संगठन के माध्यम से पिछले 23 वर्षों से लड़कियों के आर्थिक सशक्तिकरण और शिक्षा में योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य क्षेत्र: डॉ. पूजा सुभाष गायकवाड़ को मरीजों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया।





शिक्षा क्षेत्र: प्रोफेसर संजय ठवले को कई छात्रों को शिक्षित करने के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस सेवा: पुलिस उपनिरीक्षक धवल अशोक देशमुख को 2020 से 2023 तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने और कई नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेंद्र भाजीखाये ने किया और सुमेध गोंडाने ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सुमेध गोंडाणे, प्रफुल्ल सोमकुवर, रोशन मोहसिन शेख, सुनील रंगारी, सूरज ढोके, अंकित रंगारी, श्रीकांत गौरखेड़े, गुणवंत गोडबोले, साजिद अली समेत बुद्धभूषण छत्रपति संभाजी महाराज युवा क्लब, कोंढाली के सभी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन न सिर्फ शिवाजी महाराज की जयंती को भव्य तरीके से मनाने का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक जागरूकता और इतिहास से जुड़ाव बढ़ाने के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# उमरेड के 4 स्केटर्स का राष्ट्रीय स्केटिंग स्पर्धा के लिए महाराष्ट्र टीम में चयन

**उमरेड.**

स्केटिंग अकादमी के चार होनहार स्केटर्स ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रोलर एथलेटिक्स राष्ट्रीय स्केटिंग स्पर्धा के लिए महाराष्ट्र टीम में स्थान प्राप्त किया है।



हाल ही में खोपोली, जिला रायगढ़ स्थित याक पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्यस्तरीय रोलर एथलेटिक्स स्केटिंग स्पर्धा में उमरेड के इन स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 मेडल जीते। इनमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। इन चारों खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय रोलर एथलेटिक्स स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। ये सभी खिलाड़ी उमरेड स्केटिंग अकादमी में इंटरनेशनल स्केटर एवं राष्ट्रीय स्केटिंग कोच रवींद्र मिसाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विजेता स्केटर्स ने अपने माता-पिता और कोच रवींद्र मिसाल को दिया।

# ज्ञानेश्वर नगर में भव्य शिवजन्मोत्सव समारोह

### > किले के दृश्य और पटाखा शो बने आकर्षण का केंद्र

**नागपुर.**

दक्षिण नागपुर की शिवजन्मोत्सव सोहळा समिति, अमर धरमारे मित्र परिवार, ज्ञानेश्वर नगर मित्र परिवार और नवयुवा जनशक्ति मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन 19 फरवरी को ज्ञानेश्वर नगर प्रवेश द्वार, कुदरत चौक, मानेवाड़ा रोड, नागपुर में हुआ।




इस मौके पर शिवकालीन किले का भव्य दृश्य, पटाखा शो, छत्रपति शिवराय की महाआरती, शिवमुद्रा ढोल-ताशा पथक का वादन और 351 किलो लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया गया। हर साल नागपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर आयोजित यह कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहता है। इस दौरान विभिन्न कलाकृतियों से सजे महाराज का दृश्य, प्रतिमा, मंच, रोशनी और अन्य भव्य सजावट नागरिकों को एक खास अनुभव प्रदान करते हैं। हजारों की संख्या में लोग इस आयोजन में भाग लेते हैं, जबकि सैकड़ों कार्यकर्ता इस भव्य समारोह की तैयारियों में रात-दिन जुटे रहते हैं। इस वर्ष यह आयोजन पहले से भी अधिक भव्य रूप में किया गया और नागरिकों ने बड़ी संख्या में स्वराज्य रक्षक छत्रपति शिवराय के जन्मोत्सव समारोह में भाग लिया। इस आयोजन का प्रमुख संयोजन अमर धरमारे, मुख्य आयोजक एवं सचिव, भाजयुमो महाराष्ट्र प्रदेश द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में विधायक मोहन मते, राजे मुधोजी भोसले, कल्याण देशपांडे, भोजराज डुंबे, शिवानी दाणी-वखरे, डॉ. गिरीश चरडे, देवेंद्र दस्तुरे, अजनी पुलिस स्टेशन के निरीक्षक नितीनचंद्र राजकुमार, रितेश पांडे, पूर्व नगरसेवक भारती बुंदे, कल्पना कुंभलकर, विशाखा बांते, वंदना भगत, मनोज गावंडे सहित हजारों नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से इस अवसर पर सभी मान्यवरों का शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस भव्य शिवजन्मोत्सव समारोह की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# धुरखेड़ा में राष्ट्र संत गाडगे महाराज जयंती महोत्सव आज और कल

**कोंढाली.**





काटोल तहसील के ग्राम धुरखेड़ा में राष्ट्र संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर 22 और 23 फरवरी को विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यह आयोजन ग्रामवासियों द्वारा निर्मल ग्राम सह विविध पुरस्कार प्राप्त धुरखेड़ा में भव्य रूप से किया जा रहा है।

शनिवार, 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा मंडल, गुरुकुंज मोझरी के ग्राम गीता प्रचारक अरुणभाऊ सालोडकर द्वारा संगीतमय ग्राम गीता प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुप्रसिद्ध शिव चरित्रकार एवं कीर्तनकार ह.भ.प. किशोर महाराज ठाकरे द्वारा कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।


यह सभी कार्यक्रम धुरखेड़ा स्थित श्री संत गाडगे बाबा स्मारक के भव्य प्रांगण में संपन्न होंगे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की है।

# पारडी फ्लाईओवर के नवनिर्मित हिस्से का कॉन्क्रीट टूटकर निचे गिरा

### 24 घंटे पहले यातायात के खोला गया; गुणवत्ता पर खड़े हुए सवाल

**नागपुर.**

पूर्व नागपुर में बने नवनियुक्त पारडी पुलिया का एक हिस्से का कॉन्क्रीट टूटकर नीचे गिर गया। जिसके कारण निचे से जा रही एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ज्ञात हो कि, गुरुवार को ही गाजे बाजे के साथ पुलिया के सेन्ट्रल एविनियु और भांडेवाड़ी हिस्से को यातयात के लिए खोला गया था। वहीं 24 घंटे के अंदर हुई इस घटना से पुलिया की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।






पूर्व नागपुर के भंडारा रोड पर लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए करोडो रूपये ख़र्च कर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। 2023 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पुलिया के तीन हिस्से को यातायात के लिए खोल दिया था। हालांकि, एचबी टाउन के सेन्ट्रल एविनियु और भांडेवाड़ी वाले हिस्से का काम काम पूरा नहीं हुआ था, जिसके कारण उसे खोला नहीं गया था। दोनों हिस्से का काम पूरा होने के बाद गुरुवार को बड़े गाजे-बाजे के साथ पुलिया को यातायात के लिए खोला गया। पूर्व नागपुर विधायक कृष्ण खोपड़े ने बड़ी संख्या में आई आम जनता सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूगी में फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस दौरान खोपड़े खुद कार से फ्लाईओवर पर चले।

#### कॉन्क्रीट का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया

उद्घाटन हुए 24 घंटे में भी नहीं हुए थे की नए खुले हिस्से का एक कॉन्क्रीट का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। एचबी टाउन चौक पर बने हिस्से का टुकड़ा गिरा। इस घटना में निचे से जा रही एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही की इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, एक दिन पहले उद्घाटन हुए पुलिया के कॉन्क्रीट गिरने के बाद इसके गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# दो सड़क हादसों में दो की मौत

**उमरेड.** बुधवार, 19 फरवरी की शाम 7 से 8 बजे के बीच स्थानीय थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना धुरखेड़ा परिसर में हुई, जहां भिवापुर तहसील के कवडसी बरड निवासी 25 वर्षीय पंकज प्रकाश शेरकुरे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पंकज अपनी बाइक (एमएच-40/सीएस-7699) से अपने गांव लौट रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप वैन (एमएच-49/बीजेड-7799) ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना ठाणा परिसर में हुई, जहां एक 50 से 55 वर्षीय अधेड़ अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई, हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। दोनों मामलों में उमरेड पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# समृद्धि के पेट्रोल पंपों पर न पीने के लिए पानी, न शौचालय की सुविधा

**नागपुर.**

नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग पर लगातार हो रही जानलेवा दुर्घटनाओं और अपर्याप्त सुरक्षा उपायों को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने सरकारी ऑयल कंपनियों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने तीखे शब्दों में सवाल उठाते हुए पूछा, "क्या लोगों की जान लोगे?" साथ ही, कोर्ट ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी तेल कंपनियों के मुख्य अधिकारियों से इस संबंध में स्पष्टीकरण दाखिल करने का आदेश दिया है। इस मामले में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें महामार्ग पर मौजूद पेट्रोल पंपों पर यात्रियों को हो रही परेशानियों को उजागर किया गया था। याचिकाकर्ता अनिल वडपल्लीवार ने कोर्ट में अपनी निरीक्षण रिपोर्ट पेश की, जिसमें हाईवे पर बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को दर्शाया गया था। न्यायमूर्ति नितीन सांबरे और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी की खंडपीठ ने पाया कि हाईवे पर पेट्रोल पंपों पर न पीने का पानी उपलब्ध है, न साफ-सुथरे शौचालय, और न ही अग्निशमन जैसी कोई आपातकालीन सुविधा। कोर्ट ने यह भी पाया कि महामार्ग पर मौजूद 6 टोल प्लाजा पर वाहनों की गति, टायर की स्थिति और अन्य सुरक्षा नियमों की जांच के लिए कोई आरटीओ अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था।

इसके अलावा, वहां एम्बुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा किट और डिस्पेंसरी जैसी सुविधाओं का भी अभाव है। मंगलवार को हुई सुनवाई में बॉम्बे हाई कोर्ट ने सरकारी ऑयल कंपनियों के अधिकारियों को दोपहर के सत्र में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया। जब अधिकारी कोर्ट में पहुंचे तो उनसे कड़े सवाल पूछे गए। हाईवे पर प्लास्टिक कचरे की भरमार और हरियाली की कमी को लेकर भी कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने सवाल किया कि जब निजी पेट्रोल पंपों पर यात्रियों के लिए उचित सुविधाएं दी जाती हैं, तो सरकारी ऑयल कंपनियां ऐसा क्यों नहीं कर सकतीं? याचिकाकर्ता ने हाईवे पर पौधारोपण न होने की शिकायत भी दर्ज कराई। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम को निर्देश दिया कि वे हाईवे पर पौधारोपण और हरियाली बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि अगर सरकारी ऑयल कंपनियों के अधिकारी संतोषजनक जवाब दाखिल करने में विफल रहे तो उनके वेतन से 10 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

# देवली विधानसभा में 5919 घरों को मंजूरी

देवली.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रत्येक नागरिक को अपना घर देने का संकल्प लिया था। इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र सरकार ने देवली-पुलगांव विधानसभा में 5919 घरों को मंजूरी दी है। यह एक ऐतिहासिक निर्णय माना जा रहा है।

इन घरों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम बालेवाड़ी, पुणे में आयोजित किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति रहेगी।



देवली विधानसभा क्षेत्र के लाभार्थियों के लिए पंचायत समिति देवली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विधायक राजेश बकाने की विशेष उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में सभी ग्राम पंचायतों के लाभार्थी और नागरिक भाग लेंगे, साथ ही पुणे के बालेवाड़ी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

## आज प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम

### 20 लाख घरों को मिली मंजूरी

महाराष्ट्र में कुल 20 लाख घरों को मंजूरी देने का यह एक ऐतिहासिक क्षण है। देवली विधानसभा क्षेत्र में 5919 घरों की मंजूरी के लिए विधायक राजेश बकाने ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया। विधायक राजेश बकाने ने 22 फरवरी दोपहर 3:30 बजे सभी लाभार्थियों और नागरिकों से अपने गांव की ग्राम पंचायत में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है, ताकि इस महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बन सकें।

# धर्मपाल ने भारत के स्वत्व को पहचानने का कार्य किया : प्रो. शुक्ल

वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित धर्मपाल स्मृति व्याख्यानमाला के उद्घाटन कार्यक्रम में कुलपति प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल ने कहा कि धर्मपाल ने भारत के स्वत्व को पहचानने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने जीवन पर्यंत भविष्य के भारत को रचने की चिंता की और महात्मा गांधी के सनातन भारत की अवधारणा को आगे बढ़ाया। उनकी रचनाओं ने भारत को समझने की नई दृष्टि प्रदान की। यह कार्यक्रम गुरुवार, 20 फरवरी को दूर शिक्षा निदेशालय के सभागार में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर एवं विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी ने धर्मपाल की रचनाओं और उनके जीवन दर्शन पर विचार व्यक्त किए।



प्रो. अवधेश कुमार ने कहा कि धर्मपाल ने भारत की मूल चिंतन परंपरा को आत्मसात किया और देशी शिक्षा तथा सर्वोदय की भावना को लेकर महात्मा गांधी का अनुसरण किया। प्रो. फरहद मलिक ने बताया कि धर्मपाल ने भारतीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ने का कार्य किया। प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में असत्य पर आधारित मिथक गढ़े गए, जिससे उसका वास्तविक स्वरूप सामने नहीं आ सका। प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी ने धर्मपाल की 'पंचायत राज' पर लिखी पुस्तक का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व भी भारत में पंचायत राज व्यवस्था विद्यमान थी। स्वागत वक्तव्य एवं विषय प्रवर्तन करते हुए दूर शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. आनंद पाटील ने बताया कि युवा पीढ़ी तक धर्मपाल के कार्यों को पहुंचाने के लिए व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। धर्मपाल ने 30 वर्षों से अधिक समय तक ब्रिटेन और भारत का भ्रमण कर भारतीय दृष्टिकोण से भारत को जानने-समझने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि व्याख्यानमाला के अंतर्गत प्रत्येक माह एक व्याख्यान होगा और बारह व्याख्यानों की श्रृंखला को पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शंभू जोशी ने किया तथा डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। प्रारंभ में पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा एवं श्री धर्मपाल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं कुलगीत से हुई तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे धमकी मामले में पुलिस को मिली कामयाबी

**बुलढाणा.** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुलढाणा पुलिस की मदद से यह कार्रवाई की है. मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार युवकों के नाम मंगेश वियाल, अभय शिंगणे हैं. ये दोनों बुलढाणा जिले के देउलगांव राजा के रहने वाले हैं. उन्हें देवलगांव, जिला बुलढाणा से गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ के लिए मुंबई लाया जा रहा है। इस बीच जांच तंत्र फिलहाल इस धमकी के पीछे का मकसद तलाश रहा है. शुरुआती जांच के मुताबिक, इसका सही कारण और किसके कहने पर आरोपी ने यह ईमेल भेजा था, इसका पता लगाया जा रहा है. साथ ही इस बात की भी जांच की जा रही है कि यह धमकी असल हमले की तैयारी थी या सिर्फ डराने के लिए भेजी गई थी.

# शिव जयंती पर प्राचीन खेलों का शानदार प्रदर्शन

## आउटडोर खेलों का संरक्षण राष्ट्रीय कर्तव्य: सतीश अंभोरे

वर्धा.

भारतीय संस्कृति और परंपराएं केवल साहित्य और कला तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खेलों से भी गहराई से जुड़ी हुई हैं। आधुनिक खेलों की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, भारतीय समाज ने अपनी पारंपरिक आउटडोर खेल विरासत को सहेजकर रखा है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में प्राचीन भारतीय खेलों की अहम भूमिका रही है। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे ने कहा कि इन पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है।

वह 19 फरवरी को शिव जयंती के अवसर पर शहीद हुतात्मा स्मारक में अष्टेदु अखाड़ा खेल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित प्राचीन खेलों के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।



इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र महाकालकर ने की। मंच पर ट्रेडिशनल शोतोकान कराटे एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार इमरान राही, अष्टेदु अखाड़ा के जिला अध्यक्ष मोहन मोहिते, लायंस क्लब के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय सत्यम, कोशी उल्हास वाघ, सौ. लीला वाघ, भोजराज चौधरी और साहिल वाघ मुख्य रूप से उपस्थित थे। हिंगनघाट, पवनार, पुलगांव और वर्धा की मुख्य शाखा के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्राचीन खेलों का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में इमरान राही, मोहन मोहिते, भोजराज चौधरी, सुरेंद्र महाकालकर और सुनील पाटिल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की प्रस्तावना कोशी उल्हास वाघ ने रखी, संचालन अमोल मानकर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन हर्षाली चौधरी ने किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में युवराज पाहु, वेदांत चौधरी, मिहिर वाघ, प्रेम कंवर, बजरंग राजुरकर, एड. स्वाति गेडे, शीतल राजुरकर, रेखा वाघ आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## विधायक श्वेता महाले को जान से मारने की धमकी

**बुलढाणा.** जिले की चिखली विधानसभा सीट से भाजपा विधायक श्वेता महाले को एक पत्र के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी भरा पत्र श्वेता महाले के चिखली स्थित आवास पर मिला। वह आज दोपहर चिखली पुलिस स्टेशन में इस मामले की शिकायत दर्ज कराएंगी। श्वेता महाले को धमकी भरा पत्र मिलने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि श्वेता महाले को धमकी क्यों दी गई। आरोपियों ने पत्र में लिखा कि, "चाहे कितनी भी सुरक्षा हो, हम उसे टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। आपकी सुरक्षा का कोई फायदा नहीं होगा। धमकी देते हुए पत्र में कहा गया है कि, "इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सुरक्षा काम नहीं आई। आप सिर्फ विधायक हैं, आपकी सुरक्षा आपको नहीं बचा पाएगी।"

# 34 डिग्री पर पहुंचा तापमान, रसवंती दुकानों पर बढ़ी भीड़



अमरावती.

जिले में तापमान 34 डिग्री तक पहुंच चुका है, और इस तेज़ गर्मी के बीच लोग राहत के लिए रसवंती दुकानों पर उमड़ रहे हैं। गर्मियों में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में लोग ताजे गन्ने के रस के लिए इन दुकानों पर पहुंच रहे हैं।

मौसम विभाग ने इस साल के ग्रीष्मकाल को तीव्र और अधिक गर्मी वाला बताया है। फरवरी का पहला सप्ताह भी बेमौसम गर्मी से तप रहा है, जिससे यह संकेत मिल रहे हैं कि इस साल गर्मी जल्दी शुरू हो सकती है। इस दौरान एप्रिल और मई में तो अमरावती समेत पूरे विदर्भ का तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

फरवरी में ही इस तरह की तेज़ गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है, और कड़ी धूप के कारण पसीने की धारें निकल रही हैं। यह दर्शाता है कि इस बार गर्मी जल्दी और तीव्र रूप से आ रही है, जिससे लोग अब से ही गर्मी से बचने के उपाय ढूंढ़ने लगे हैं।

# लायन्स क्लब वर्धा मेडिकोज का छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्साहपूर्वक संपन्न

वर्धा.

लायन्स क्लब वर्धा मेडिकोज की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पण कर की गई।

इस अवसर पर वर्धा जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और सभी को शुभकामनाएँ दीं। क्लब की अध्यक्षा डॉ. मंदाकिनी जवादे ने पालकमंत्री डॉ. भोयर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने शिवाजी महाराज की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे माहौल में ऐतिहासिक गौरव और उल्लास का संचार हुआ।




इस कार्यक्रम में लॉ. संध्या भगत, लॉ. कल्पना भगत, लॉ. मीरा इंगोले, लॉ. सोनल भानसे, लॉ. प्रभा गेडाम, लॉ. डॉ. स्वप्निल अलोने, लॉ. संदीप भानसे, लॉ. सतीश भगत, लॉ. कल्पना ताकसांडे, लॉ. वीणा मासुरकर सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## कलंब तहसील में कलयुगी बेटे ने बाप को उतारा मौत के घाट

**यवतमाल.** कलंब तहसील के मेंढला गांव में एक बेटे ने अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। मृतक सुभाष झोलबाजी चौधरी के रूप में हुई है। वही आरोपी बेटे की पहचान बेटे प्रफुल्ल सुभाष चौधरी के रूप में हुई है। प्रफुल्ल के नाम पर सुभाष ने ढाई एकड़ जमीन कर दी थी। उस जमीन से होने वाली आमदनी और फसल बीमा के पैसे प्रफुल्ल ने अपने पिता को नहीं दिए थे। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होते रहते थे। यह घटना 19 फरवरी को रात 2 बजे के आसपास हुई जब सुभाष, उनकी बेटी और छोटा बेटा एक कमरे में सो रहे थे। इस दौरान प्रफुल्ल ने धारदार चाकू से अपने पिता के गले पर चाकू से वार कर उनकी हत्या कर दी। शोर सुनकर बेटी और छोटा बेटा जाग गए और उन्होंने अपने पिता को खून से लथपथ हालत में देखा। इस घटना के बाद प्रफुल्ल फरार हो गया।घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही यवतमाल ग्रामीण पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया।

# चांदूर बाजार के देऊरवाड़ा में मिला प्राचीन शिव मंदिर

## > खोज बनी ऐतिहासिक और धार्मिक चर्चा का कारण

अमरावती.

जिले के चांदूर बाजार स्थित देऊरवाड़ा गांव में पूर्णा और मेगा नदियों के संगम के पास, पूर्णा नदी के किनारे एक प्राचीन शिव मंदिर का अवशेष मिला है। यह मंदिर सैकड़ों साल पुराना होने का अनुमान है और यह जमीन के अंदर दबा हुआ था।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, इस मंदिर का संबंध भानू तीर्थ से जोड़ा जा रहा है। यह खोज इलाके में ऐतिहासिक और धार्मिक चर्चा का कारण बन गई है।

देऊरवाड़ा गांव एक प्राचीन धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां नृसिंह मंदिर भी स्थित है, जिसके बारे में मान्यता है कि भगवान नृसिंह ने राक्षस हिरण्यकश्यप का वध करने के बाद अपने रक्त से सने पंजे इस क्षेत्र की पयोष्णी नदी में धोए थे।



पयोष्णी नदी को इस क्षेत्र में विशेष धार्मिक महत्व प्राप्त है, जबकि पूर्णा नदी को वैष्णवी नदी माना जाता है।

देऊरवाड़ा क्षेत्र में 18 प्रमुख तीर्थ स्थल होने का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। हाल ही में प्राप्त मंदिर भानू तीर्थ के अंतर्गत आता है। यह मंदिर नृसिंह मंदिर के पास मुस्लिम समुदाय के मो असलम और आजम के खेत में मिला है। मंदिर की संरचना पारंपरिक सामग्री से बनी है और इसमें एक प्राचीन शिवलिंग पाया गया है। गांव वासियों के अनुसार, यह मंदिर पहले पूर्णा नदी के महापुर के कारण दब गया था, और समय के साथ गाद में दफन हो गया था।

## दो विदेशी पिस्तौल और 11 जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अकोला.** जिले के रामदासपेठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रतीक बरसे को गिरफ्तार किया, जिसके पास से दो विदेशी पिस्तौल, 11 जिंदा कारतूस और एक बड़ी तलवार बरामद की गई। कुल मिलाकर 47,500 रुपये की सामग्री जब्त की गई है। यह कार्रवाई अकोला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और शहर पुलिस उपविभागीय अधिकारी सतीश कुलकर्णी के मार्गदर्शन में हुई। रामदासपेठ पुलिस निरीक्षक मनोज बहुरे की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के मुताबिक, आरोपी संदिग्ध अवस्था में जुबली हाई स्कूल गेट के पास घूम रहा था, जब जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ा और उसके पास से अवैध हथियार बरामद किए। अभी तक की जानकारी के अनुसार, यह बड़ी सफलता पुलिस के लिए मानी जा रही है, जो शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रही है।

# विदर्भ राज्य अधिवेशन में बड़ी संख्या में शामिल हों – एड. वामनराव चटप



वर्धा.

विदर्भ क्षेत्र की बेरोजगारी, कृषि संकट और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए स्वतंत्र विदर्भ राज्य का निर्माण ही एकमात्र उपाय है। इसी उद्देश्य से विदर्भ राज्य आंदोलन समिति द्वारा 23 और 24 मार्च 2025 को विधायक निवास, नागपुर में विदर्भ राज्य अधिवेशन का आयोजन किया गया है। इस अधिवेशन में युवा, किसान, महिलाएं, उद्यमी, व्यापारी और सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हों, ऐसा आह्वान पूर्व विधायक एवं समिति के मुख्य संयोजक एड. वामन चटप ने किया। वे 20 फरवरी को वर्धा स्थित विश्रामगृह में समिति की कार्यकर्ता बैठक एवं पत्रकार परिषद को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विदर्भ को अलग राज्य बनाने का वादा किया था, लेकिन दिल्ली और मुंबई में सत्ता होने के बावजूद सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है।

किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी और युवाओं को प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का आश्वासन भी सरकार ने पूरा नहीं किया। इसके विपरीत, जीएसटी और अन्य करों में बढ़ोतरी की जा रही है, जिससे महंगाई बढ़ रही है। साथ ही, विदेशों से दलहन, कपास, दालें और कच्चे खाद्य तेल का आयात बढ़ाकर देश के किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर किया जा रहा है।

इस आंदोलन को सफल बनाने और स्वतंत्र विदर्भ राज्य की मांग को बल देने के लिए विदर्भ अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति आवश्यक है, ऐसा संदेश बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने दिया।

बैठक का संचालन जिला समन्वयक मधुसूदन हरणे ने किया, प्रस्तावना सतीश दाणी ने रखी, और आभार प्रदर्शन वर्धा जिला किसान संघटना के अध्यक्ष उल्हास कोंटबकर ने किया। इस दौरान लक्ष्मी लिचडे, प्रशांत नखाते, निर्मला करनाके, प्रभाकर झाड़े, पंकज साबळे, धोंडबा गावंडे, सुनील हिवसे, डॉ. अनिल पोफळे, अभिजीत लाखे, प्रा. सौदागर, प्रा. टेकाडे, गोविंदराव उमाटे, पुंडलिक हुडे, खुशालराव हिवरकर, गोविंदराव पेटकर, विशाल फाळके, शंकर लेवाडे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

बैठक में सभी किसानों से विदर्भ राज्य आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

### बैठक में प्रमुख नेताओं की उपस्थिति

बैठक में किसान संगठन की नेता एवं पूर्व विधायक सौ. सरोजताई काशीकर, महिला आघाड़ी की पूर्व अध्यक्ष सौ. शैलाताई देशपांडे, विदर्भ राज्य आंदोलन समिति की महिला आघाड़ी अध्यक्ष श्रीमती रंजनाताई मामरडे, जय विदर्भ पार्टी के अध्यक्ष अरुण केदार, कोर कमेटी सदस्य प्राचार्य पी. एम. राजपूत, सुनील चोखारे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भरता से विकसित भारत की ओर बढ़ता बजट: डॉ. पंकज भोयर

वर्धा.

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत की ओर ले जाने वाला है। यह बजट सामान्य मध्यम वर्ग की बचत को बढ़ावा देगा और उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि करेगा, जिससे देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है और विकसित भारत का सपना साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह बात राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि नागरिकों की बचत को प्रोत्साहित करने और उन्हें देश के विकास में भागीदार बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गफाट ने कहा कि किसान, गरीब, महिलाएं और युवा—ये चार प्रमुख स्तंभ हैं, जो विकसित भारत की नींव रखेंगे। इस बजट में इन सभी वर्गों को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सामाजिक क्षेत्र, बच्चों और युवाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप और निवेश को बढ़ावा देने तक, प्रत्येक क्षेत्र में तेजी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट गरीबों और मध्यम वर्ग को मजबूत करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा।




पूर्व सांसद रामदास तडस ने बताया कि इस बजट में कृषि, उद्यमिता, रोजगार सृजन, एमएसएमई और वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए निवेश और नवाचार पर जोर दिया गया है। कराधान, शहरी विकास, खनन, वित्तीय सुधार, ऊर्जा और नियामक सुधारों को प्राथमिकता दी गई है। राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, खाद्य तेल आत्मनिर्भरता के लिए छह वर्षीय विशेष अभियान, निर्यात और मत्स्य पालन के लिए अलग बोर्ड, फल-सब्जी उत्पादकों और कपास किसानों के लिए विशेष योजनाएं और यूरिया आत्मनिर्भरता जैसी योजनाओं को मजबूती दी है। इसके अलावा, शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए पांच नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, 'इंडियन लैंग्वेज बुक स्कीम' योजना, सभी सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना की जाएगी। इन प्रयासों से भारत में विश्वस्तरीय शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त किया गया है।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक ब्याज की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। किराए पर दिए गए घरों पर टीडीएस की सीमा 2.40 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, बुनियादी ढांचा, आवास, सतत आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कृषि, एमएसएमई और निर्यात जैसे क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर प्रावधान किए गए हैं।

डॉ. पंकज भोयर ने बताया कि सामाजिक न्याय और लोक कल्याण को मजबूत करने के लिए जन हेल्थ स्कीम, आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 कार्यक्रम, गिग वर्कर्स वेलफेयर योजना और जल जीवन मिशन को प्राथमिकता दी गई है।

# नागपुर में भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

## > वर्षा उसगांवकर और शिव ठाकरे होंगे मुख्य आकर्षण

**नागपुर.**

बेसा (पिपला) नगर पंचायत द्वारा 22 और 23 फरवरी को वर्धापन दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य महोत्सव में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के कलाकारों को मंच मिलेगा, साथ ही मराठी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकार इसमें शामिल होंगे।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध मराठी अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर और बिग बॉस फेम शिव ठाकरे की उपस्थिति होगी। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा, पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर और जिलाधिकारी विपीन इटनकर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।





कार्यक्रम में मनोरंजन जगत के कई जाने-माने चेहरे शिरकत करेंगे। इंडियन आइडल फेम अबोली गिर्हे और अतिश तेलंग अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं, हास्य कलाकारों में चला हवा येऊ द्या फेम श्रेया बुगडे और भारत गणेशपुरे, चिन्मय उदगीरकर और प्रकाश भागवतकर कॉमेडी से सभी का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा, प्रसिद्ध अभिनेत्री विशाखा सुभेदार भी विशेष आकर्षण रहेंगी। वहीं, झी युवा 'युवा सिंगर एक नंबर' फेम चेतन लोखंडे अपनी गायकी से समां बांधेंगे।

### स्थान और आयोजन की जानकारी

यह भव्य सांस्कृतिक महोत्सव बेसा ग्राउंड, बेसा चौक, नागपुर में आयोजित किया जाएगा। नगर पंचायत के प्रशासक भारत नंदनवार ने नागरिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाने की अपील की है।

# सावनेर में कैंसर मुक्त अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**सावनेर.**



कैंसर जागरूकता और रोकथाम के उद्देश्य से 17 फरवरी से 19 अप्रैल तक आयोजित कैंसर मुक्त अभियान शिविर यात्रा का समापन आज सावनेर में हुआ। इस अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं, नर्सों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर महिलाओं को मौखिक, स्तन और योनि कैंसर के बारे में जागरूक किया। शिविरों में महिलाओं को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने शिविर का दौरा कर अभियान की समीक्षा की। उन्होंने महिला श्रमिकों के कार्य की सराहना करते हुए उनसे बातचीत की और उनकी कार्य स्थितियों की जानकारी ली। शिविर के समापन पर एक विशेष कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें डॉ. प्रशांत कापसे, डॉ. मंजूषा ढोबले, बीडीओ श्री हिरुडकर, रणजीत देशमुख डेंटल कॉलेज के डॉ. राजेश कुबड़े, डॉ. किरण जाधव, डॉ. संदीप गुजर और डॉ. विवेक ठोबरे शामिल थे। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करना और समय पर इलाज के लिए प्रेरित करना था। अभियान की सफलता को देखते हुए भविष्य में इसे और विस्तृत रूप देने की योजना है।

# नदी प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन, नाले में बैठकर किया विरोध



**हिंगनघाट.** शहर की जीवनदायिनी वना नदी में नगरपालिका द्वारा नाले का दूषित पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर वना नदी संवर्धन समिति के अध्यक्ष रूपेश लाजुरकर ने कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार, प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ समिति ने आंदोलन का रास्ता अपनाया और वना नदी से जुड़े नाले में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

अमृत योजना के तहत सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से शहर के बड़े नालों के दूषित पानी को शुद्ध करके नदी में छोड़ने की योजना बनाई गई थी। इस प्रोजेक्ट को दो साल ग्यारह महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन आठ साल बीतने के बावजूद अब तक दूषित पानी को बिना किसी प्रक्रिया के सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का पानी गंभीर रूप से प्रदूषित हो गया है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को त्वचा संबंधी बीमारियां हो रही हैं। इसके अलावा, नदी से आगे के गांवों के लोगों को पीने के लिए दूषित पानी मिल रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

इस स्थिति के विरोध में वना नदी संवर्धन समिति ने आंदोलन किया और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर जन आंदोलन किया जाएगा।

# तेंदुए की खाल समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

## > फरार आरोपियों की तलाश जारी

**गोंदिया.**



अर्जुनी मोरगांव वन विभाग के अधिकारियों ने बाघ और तेंदुए का शिकार कर उनके शरीर के अंगों की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अन्य आरोपियों के नाम का खुलासा किया।

इसी के तहत वन विभाग ने जाल बिछाकर कोचेनारा श्मशान घाट से 2 आरोपियों को हिरासत में लिया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, तीन आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए हैं, और उनके पास से तेंदुए की खाल भी बरामद हुई है। वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद वन्यजीव तस्करी के मामले में अब तक कुल पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मामले की जांच जारी है, और संभावना जताई जा रही है कि अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं। इस कार्रवाई से वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा और तस्करी को लेकर सख्त कदम उठा रहे हैं और इस अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पूर्व सरपंच सरिता रंगारी के हस्ते साहित्य वितरण

**कामठी.** श्री गुरुदेव महिला मंडल को येरखेड़ा ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच सरिता रंगारी के प्रयासों से श्री क्षेत्र श्री गजानन महाराज मंदिर से प्राप्त हुए भजन कीर्तन साहित्य सामग्री का वितरण श्री गजानन प्रकट महोत्सव के उपलक्ष पर पूर्व सरपंच सरिता रंगारी के हस्ते साहित्य वितरण किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पूर्व सदस्य रोशनी भस्मे सहित गुरुदेव भजन मंडल की अध्यक्ष सरिता खरवड़े, सुनीता कोचे, उज्वला पांडे, कुंदा धमरि, सीमा वानखेड़े, इंदिरा कोचे, वैशाली गांवडे, मंजू महल्ले, वैशाली खरवड़े, शालू भोयर, मंगला पांडे, प्रमिला देवले आदि महिला प्रमुखता से मौजुद रही।

# अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

## > श्रीमद् भागवत कथा और हरिकिर्तन का आयोजन

**सौंसर.**

सुप्रसिद्ध अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, मोहगांव हवेली में प्रतिवर्षानुसार महाशिवरात्रि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया है। महोत्सव के अंतर्गत कल, शनिवार 22 फरवरी से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक देवी चित्रलेखा द्वारा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक हिंदी भाषा में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही, रात 8 बजे से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध किर्तनकार झी टॉकीज चैनल के लोकप्रिय कार्यक्रम "गजर किर्तनाचा, सोहळा आनंदाचा" के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मराठी भाषा में हरिकिर्तन होगा।

भगवान शिव की नवरात्रि के प्रारंभ के साथ ही अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में लघुरुद्राभिषेक के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरुआत हुई।




इस अवसर पर अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गोपाल वंजारी एवं शांताराम वंजारी गुरुजी ने सपरिवार उपस्थित होकर रुद्राभिषेक किया। यह अभिषेक प्रतिदिन चार पालियों में मंगलवार, 25 फरवरी तक चलेगा।

रविवार, 2 मार्च को महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय किर्तनकार और आवाज के जादूगर हभप पुरुषोत्तम महाराज पाटील के गोपाल काला किर्तन और दही हांडी कार्यक्रम के साथ होगा। इसके उपरांत विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आयोजित इस महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है ताकि वे इस पावन अवसर पर धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर सकें।

# श्री शिवराय संगठन ने धूमधाम से मनाया छत्रपति शिवाजी महाराज का 395वां जन्मोत्सव

## > श्री शिवचरित्र व्याख्यान के साथ तीन दिवसीय आयोजन का समापन

**सौंसर.**

नगर के धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले श्री शिवराय संगठन ने हिन्दवी स्वराज्य संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के 395वें जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम नगर के ऊर्जा एवं प्रेरणास्त्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

संगठन के उपाध्यक्ष राजेंद्र लाला पवार ने बताया कि 18 फरवरी को शौर्य दौड़ का आयोजन किया गया। इसके बाद 19 फरवरी को श्री शिवजन्मोत्सव कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अभिषेक एवं पूजन किया गया। इस दौरान जिले के सांसद विवेक बंटी साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़ सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसके बाद नगर में भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें दीपक बागड़े ने छत्रपति शिवाजी महाराज और उत्कर्ष दवंडे ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी शामिल हुए।

20 फरवरी को आयोजित श्री शिवचरित्र व्याख्यान कार्यक्रम में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध युवा कीर्तनकार एवं व्याख्याता ह.भ.प. सोपानदादा कनेरकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर ओजस्वी व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराज श्री की प्रतिमा के पूजन-अर्चन से हुई।

सोपान कनेरकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए आदर्श हैं। उन्होंने अपने परिवार से पहले राष्ट्र को सर्वोच्च स्थान दिया। माता जिजाऊ के मार्गदर्शन में उन्होंने 350 से अधिक किलों पर विजय प्राप्त कर भगवा ध्वज लहराया।

व्याख्यान के दौरान जब अफजल खान वध और छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान की गाथा सुनाई गई, तो युवाओं में जोश भर गया और श्रोताओं की आंखें भावुक हो उठीं। कार्यक्रम में श्री शिवराय संगठन सौसर और अन्य इकाइयों द्वारा सोपान महाराज का अंगवस्त्र, श्रीफल एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का छायाचित्र भेंट कर सम्मान किया गया। संगठन के आदित्य दवंडे ने कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त हिंदू समाज और सौसरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने घोषणा की कि श्री शिवराय संगठन भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा और जल्द ही नगर में "छत्रपति शिवाजी महाराज वाचनालय" की स्थापना करेगा, जिससे युवा पीढ़ी अपने इतिहास से प्रेरणा ले सके।

# भाजपा ने प्रशासक हांडा को येरखेड़ा में कचरे के ढेर को हटाने दिया ज्ञापन



**कामठी.**

भाजपा पदाधिकारियों ने महाराष्ट्र प्रदेश किसान मोर्चा सचिव एड. आशीष वंजारी, तालुका अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राजकीरण बर्वे, भाजपा येरखेड़ा अध्यक्ष गजानन तिरपुड़े के नेतृत्व में येरखेड़ा ग्राम पंचायत प्रशासक व नायब तहसीलदार अमर हांडा को ज्ञापन सौंपकर जे.एन. रोड से येरखेड़ा के तेली पूरा - हनुमान मंदिर रोड किनारे कचरे के ढेर को हटाकर सौंदर्यीकरण करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि जे.एन. रोड से येरखेड़ा के तेली पूरा - हनुमान मंदिर रोड किनारे पर प्रतिदिन निकलने वाला कचरा डंप कर दिया जाता है। इस कारण जाने वालों के साथ राहगीरों को बदबू दुर्गंध के चलते काफी दिक्कत होने लगी है। ऐसे में आवागमन करने वाले राहगीरों को मार्ग पर चलना दूभर हो गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही बच्चों को भी इसी कचरे के बीच से होकर स्कूल आने-जाने का विवश होना पड़ता है। साथ ही मच्छरों की आमद बढ़ने से लोगों के लिए विभिन्न संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है।

इस मौके पर राजश्री घिवले, नरेश मोहबे, कुलदीप पाटील, सरिता भोयर, अरुण कुशवाह, संध्या शेंडे, कुणाल कोचे, मनोज बडवाईक, प्रमोद वंजारी, विशाल वाटकर, विलास पाटील, विनीत मेहरोलिया, सोमेश्वर वंजारी, कुणाल कोचे ,पवन खडसे, अतिश माने, सुधाकर कोहडे, राजु पांडे, नानु चव्हाण, बंडू कुथे, अर्जुन सुरस्कर, राजा पिल्ले सहित अन्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# भीलापार में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति




**सौंसर.**

समीपस्थ ग्राम भीलापार में आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा एवं भक्तिभाव से संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य को शुभांगिताई एवं अमोल नागपुरे जी ने ग्रामीणों के सहयोग एवं अपने पुरुषार्थ से संपन्न कराया। यज्ञ स्थल पर गंगाजल से भरे कलश की स्थापना की गई थी, जिसका सर्वतोभद्र पूजन विधिपूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान कथावाचक मनोहर पवार ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो भक्त महाकुंभ में नहीं जा पा रहे हैं, वे इस पवित्र कलश का स्पर्श कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं।यज्ञ की संपूर्ण व्यवस्था घोटी जोन के कार्यकर्ता गणपतराव माथनकर एवं विलास चावके ने कुशलता से संभाली।

इस आयोजन में नानाजी चौरे, कृष्णाजी चौधरी, नामदेव सारोदे, उमेश अडमारे, किसना राउत, कचरू गिरगुस्से, महेंद्र सारोदे, सुरेश वीरखरे, हेमराज शीलू, सुनदाबाई, प्रतिमा अडमारे, प्राची चौरे एवं रंजना राउत सहित अनेक श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे, पूर्व प्रबंध ट्रस्टी किशोर किनकर, तहसील समन्वयक शंकर घोरखी एवं भरत प्रजापति सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महायज्ञ के सफल आयोजन से ग्रामवासियों में हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

# ग्राम घोघरीखापा में होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर एवं योग शिविर का आयोजन

**सौंसर.**

सौंदर्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा द्वारा ग्राम घोघरीखापा में होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा में पदस्थ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोना नाग शिववेदी द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क होम्योपैथी दवा का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, महिलाओं एवं बच्चों को पोषण आहार के महत्व के बारे में बताया गया।

डॉ. सोना नाग शिववेदी के मार्गदर्शन में, आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के उपलक्ष्य में योग के प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम में योग शिविर का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच भादूलाल कुमरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में ग्राम के नागरिकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम के लाभ बताते हुए संपूर्ण योगाभ्यास कराया गया। योग शिविर में ग्राम की माताओं, बहनों, बच्चों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग एवं प्राणायाम में रुचि दिखाई। उपस्थित लोगों को प्रेरित किया गया कि वे नियमित रूप से योगाभ्यास करें और स्वस्थ रहें। इस शिविर में योग प्रशिक्षक लक्ष्मी देशमुख एवं योग सहायक रामेश्वरी सनेश्वर द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

स्वास्थ्य एवं योग शिविर को सफल बनाने में औषधालय स्टाफ छाया मरकाम, अशोक लवाले तथा ग्राम के विश्वेश्वर गुड़धे और प्रताप सिंह परमार का विशेष सहयोग रहा।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 124-7 | 679-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 117-9 | 790-6 |
| प्रभात | 678-1 | 599-3 |
| प्रभात नाईट | 280-0 | - |
| डायमंड | 129-2 | 578-0 |
| मेन बाजार | 890-7 | - |
| मिलन डे | 237-2 | 120-3 |
| मेन रतन | 289-9 | 169-6 |
| कल्याण | 269-7 | 556-6 |
| राजधानी डे | 477-8 | 458-7 |
| राजधानी नाईट | 455-4 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 167-4 | 236-1 |

# शिवसेना हिंगनघाट नगर परिषद से शहर के विकास के लिए आर्थिक प्रावधान की मांग की

**हिंगनघाट.**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख सतीश धोबे की अगुवाई में हिंगणघाट नगर परिषद के मुख्याधिकारी से मुलाकात कर आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शहर के महत्वपूर्ण विषयों को शामिल कर उनके क्रियान्वयन के लिए आर्थिक प्रावधान करने की मांग की गई। इस संबंध में विस्तृत चर्चा के बाद नगर परिषद को ज्ञापन सौंपा गया।

नगर परिषद, जो शहर के नागरिकों की संरक्षक संस्था है, का दायित्व है कि वह आम जनता के हितों की रक्षा करे। पिछले तीन-चार वर्षों से नगर परिषद में जनप्रतिनिधि नहीं होने के कारण जनता की समस्याओं को उठाने के लिए कोई ठोस मंच उपलब्ध नहीं है। इस दौरान भाजपा के नेतृत्व में केवल चुनाव जीतने पर ध्यान दिया गया, जबकि शहर के बुनियादी मुद्दों की अनदेखी की गई।

शिवसेना ने अपने संस्थापक, हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों के अनुसार "80% समाजसेवा और 20% राजनीति" के दृष्टिकोण को अपनाते हुए नागरिकों के हितों के लिए विभिन्न मांगें रखीं।

### प्रमुख मांगें:

1. घन कचरा संकलन कर में राहत:
2. खेल सुविधाओं का विकास:
3. महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय:
4. दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्यवसायिक स्थान:
5. गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर:
6. कनिष्ठ महाविद्यालय के लिए सांस्कृतिक और खेल आयोजनों की बहाली



जी.बी.एम.एम महाविद्यालय में पूर्व की भांति खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए बजट आवंटित किया जाए, जिससे छात्रों को जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिले।

शिवसेना ने नगर परिषद से इन मांगों को तत्काल बजट में शामिल करने और यदि कोई तकनीकी बाधा आती है तो जिलाधिकारी से चर्चा कर समाधान निकालने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक मनीष देवडे, प्रकाश अनासाने, शंकर मोहमारे, गजानन काटवले, पप्पू घवघवे सहित अन्य शिवसेना पदाधिकारी उपस्थित थे।

